मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 4 नए अनुविभाग एवं 23 नई तहसीलों का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

31 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में 4 नए राजस्व अनुविभाग एवं 23 नई तहसीलों का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- अभी तक छत्तीसगढ़ में कुल 96 अनुविभाग तथा 179 तहसीलें थीं। 4 नए अनुविभाग से अब प्रदेश में कुल 100 अनुविभाग तथा 23 नई तहसीलों के गठन से अब प्रदेश में कुल 202 तहसीलें हो गई हैं।
- नवीन अनुविभाग एवं तहसीलों के प्रारंभ होने से शासकीय योजनाओं के सुचारु रूप से क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने में सुविधा होगी।
- मुख्यमंत्री ने जगदलपुर ज़िले में तोकापाल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले में मरवाही, सूरजपुर ज़िले में भैयाथान तथा गरियाबंद ज़िले में मैनपुर अनुविभाग का शुभारंभ किया।
- इसी तरह मुख्यमंत्री ने जिन 23 नई तहसीलों का शुभारंभ किया, वे हैं-
    - सीपत और बोदरी (ज़िला- बिलासपुर)
    - सकोला (कोटमी) (ज़िला- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही)
    - अड़भार (ज़िला- जांजगीर-चांपा)
    - सरिया और छाल (ज़िला- रायगढ़)
    - बरपाली, अजगरबहार और पसान (ज़िला- कोरबा)
    - चांदो, रघुनाथनगर और डोरा-कोचली (ज़िला- बलरामपुर-रामानुजगंज)
    - बिहारपुर (ज़िला- सूरजपुर)
    - सुहेला और भटगाँव (ज़िला- बलौदाबाज़ार-भाटापारा)
    - अहिवारा (ज़िला- दुर्ग)
    - नांदघाट (ज़िला- बेमेतरा)
    - सरोना (ज़िला- उत्तर बस्तर कांकेर)
    - बारसूर (ज़िला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा)
    - कुटरू और गंगालूर (ज़िला- बीजापुर)
    - छोटे डोंगर और कोहकामेटा (ज़िला- नारायणपुर)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launched-4-new-sub-divisions-and-23-new-tehsils-in-the-state